हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 7 नवंबर 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 16.4 डिग्री

12 धनतेरस पर ग्राहकों से गुलजार हुए बाजार जमकर खरीदारी...



12 जितनी किताबें पढ़ेंगे उतना ही बड़ा मुकाम हासिल होगा



खबर संक्षेप

7-8 नवंबर को तय समय में ही चलेंगे ग्रीन पटाखे

करनाल। सर्दियों में बढ़ते वायु प्रदूषण और आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने करनाल जिले में पटाखों की बिक्री एवं इस्तेमाल को लेकर आदेश जारी किए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेशों के अनुसार 7 एवं 8 नवंबर को केवल प्रमाणित ग्रीन पटाखे सुबह 6 से 7 बजे तथा रात 8 से 10 बजे तक ही चलाए जा सकेंगे। 9 नवंबर से जिले में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू हो जाएगा।

पेट्रोल पंप से नकदी-बाइक लेकर फरार कर्मचारी काबू

अंबाला। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए पेट्रोल पंप से नकदी और बाइक लेकर फरार होने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना बलदेव नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को उत्तर प्रदेश से काबू कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 50,000 रुपये नकद और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई है। दरअसल शिकायतकर्ता अग्रवाल फ्यूल्स के मैनेजर उत्पल कांत ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पेट्रोल पंप पर पिछले 9 वर्षों से सेल्समैन के रूप में काम करने वाला कर्मचारी वेद प्रकाश 28 अक्तूबर 2026 को पंप से नगदी और एक बाइक लेकर चुपचाप फरार हुआ था।

ललित मर्डर केस का हत्यारोपी पकड़ा

पानीपत। पानीपत में लोगों ने ललित मर्डर केस के आरोपी दानिश को गुरुवार रात दबोच लिया। आरोपी जैसे ही भागने लगा भीड़ ने उसे चारों तरफ से घेर लिया और उसे पीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मृतक ललित का भाई पवन मौके पर पहुंचे और उसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, पब्लिक की पिटाई में दानिश गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे पुलिस ने सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया।

पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

पानीपत। पानीपत की सनौली रोड पर पवनांजलि अस्पताल के पास शुक्रवार रात करीब नौ बजे तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार सड़क पर गिर गया और पिकअप उसके ऊपर से गुजर गई। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान दुर्गा कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय सौरव सैनी के रूप में हुई है।

हादसे में यूपी के किशोर की मौत

बापौली। पानीपत जिला में सनौली रोड बाइपास पर शुक्रवार रात चलते ट्रैक्टर-ट्रॉली का हुक निकलने से हुए हादसे में 17 वर्षीय किशोर सारिक निवासी गांव मुहम्मदपुर जिला मुजफ्फनगर, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रॉली का संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गई और उसकी चपेट में आने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया।

धनतेरस पर पांचों जिलों में उमड़ी ग्राहकों की भीड़, करोड़ों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धनतेरस के पावन पर्व पर पांचा जिलों में पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला और यमुनानगर के बाजारों में खूब रौनक देखने को मिली। सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी के लिए ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो गई थी। दोपहर बाद बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी और देर शाम तक दुकानों पर ग्राहकों की चहल-पहल बनी रही। धनतेरस पर शुभ खरीदारी की परंपरा के चलते लोगों ने सोने-चांदी के आभूषणों, बर्तनों, वाहनों और घरेलू उपयोग की विभिन्न वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। ग्राहकों की अच्छी आमद से दुकानदारों के चेहरे भी खिले नजर आए। धनतेरस पर सबसे अधिक रौनक सराफा बाजार और बर्तनों की दुकानों पर देखने को मिली। महिलाओं ने स्टील, पीतल और तांबे के बर्तनों की खरीदारी में विशेष रुचि दिखाई।

ज्वेलरी-बर्तन और ऑटोमोबाइल कारोबार में दिखा उत्साह





कुरुक्षेत्र। वीपीएस शोरूम पर वाहन की खरीदारी करते ग्राहक व अंबाला में धनतेरस पर आभूषण खरीदती महिलाएं।

धनतेरस पर कारोबार ने पकड़ी रफ्तार

सोने-चांदी के आभूषणों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। कई लोगों ने सोने-चांदी के सिक्के और अन्य शुभ वस्तुएं खरीदीं। इसके अलावा ऑटोमोबाइल शोरूम में भी दिनभर ग्राहकों की आवाजाही रही। लोगों ने अपनी पसंद के अनुसार स्कूटी, मोटरसाइकिल और कारों की खरीदारी की। बाजारों में कपड़ों, मिठाइयों, उपहारों, इलेक्ट्रॉनिक सामान, सजावटी वस्तुओं और पेंटिंग की दुकानों पर भी अच्छी चहल-पहल रही। दीपावली की तैयारियों के चलते लोगों ने घरों को सजाने के लिए रंग-बिरंगी लाइटें, झालरें और अन्य सजावटी सामान खरीदे। वहीं धनतेरस पर शुभ माने जाने के कारण कई लोग नमक, झाड़ू और मोर पंख जैसी वस्तुओं की खरीदारी करते भी दिखाई दिए। व्यापार मंडल के प्रधान फतेह चंद गांधी ने बताया कि धनतेरस को लेकर व्यापारियों की ओर से पिछले कई दिनों से तैयारियां की जा रही थीं। दुकानदारों ने ग्राहकों की पसंद और मांग को देखते हुए विभिन्न प्रकार के सामान का स्टॉक उपलब्ध करवाया था। उन्होंने कहा कि धनतेरस के अवसर पर बड़े कारोबारियों के साथ-साथ छोटे दुकानदारों को भी लाभ मिलता है।

एसआईआर पर झूठ से संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को बदनाम कर रही कांग्रेस

राहुल गांधी बताएं, चुनाव जीतने पर ईवीएम व चुनाव आयोग सही, लेकिन हारने पर वोट चोरी का आरोप क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत स्थित भाजपा कार्यालय श्याम कमल में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने की पत्रकार वार्ता, एसआईआर मतदाता सूची के शुद्धिकरण की संवैधानिक प्रक्रिया, कांग्रेस अपनी राजनीतिक विफलता छिपाने के लिए फैला रही भ्रम : मांडविया, 13 करोड़ वोट चोरी का दावा भ्रामक, इनमें 6.3 करोड़ मतदाता स्थायी रूप से दूसरी जगह शिफ्ट, 2.8 करोड़ मृत और 1 करोड़ डुप्लीकेट मतदाता

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी चुनावी हार स्वीकार करने के बजाय कभी ईवीएम तो कभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाकर लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि एसआईआर मतदाता सूची के शुद्धिकरण की एक नियमित और संवैधानिक प्रक्रिया है, लेकिन कांग्रेस इसे लेकर देशभर में झूठ और भ्रम फैलाने में जुटी हुई है।

पानीपत स्थित भाजपा कार्यालय श्याम कमल में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' विषय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है और मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन रखना उसका अधिकार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। वर्ष 1952 से मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की प्रक्रिया चलती आ रही है। देश में रोजगार, व्यवसाय और विवाह सहित विभिन्न कारणों से लोगों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना सामान्य बात है।



पानीपत। प्रेस वार्ता करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ मनसुख।

मांडविया ने वोट चोरी आरोपों पर किया पलटवार

कांग्रेस के 13 करोड़ वोट चोरी के आरोपों पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने आंकड़ों का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि लगभग 6.3 करोड़ यानी 48.1 प्रतिशत मतदाता स्थायी रूप से अपना निवास स्थान बदल चुके थे, करीब 2.8 करोड़ यानी 21.4 प्रतिशत मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी थी और लगभग 1 करोड़ यानी 7.6 प्रतिशत नाम डुप्लीकेट थे। इसके अतिरिक्त करीब 3 करोड़ यानी 22.9 प्रतिशत मतदाता अनुपस्थित थे अथवा निर्धारित प्रक्रिया के दौरान उनसे संपर्क नहीं हो पाया था। उन्होंने कहा कि ऐसे नामों की जांच और नियमानुसार कार्रवाई को वोट चोरी बताना जनता को गुमराह करने का प्रयास है। मांडविया ने राहुल गांधी से सवाल किया कि क्या विदेशी घुसपैठियों को भारत की मतदाता सूची में शामिल होने और देश के जनप्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार मिलना चाहिए? यदि किसी संदिग्ध विदेशी नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो उसकी नागरिकता और पात्रता की जांच के लिए नोटिस देना क्या गलत है? उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में केवल भारतीय नागरिकों को ही कानून के अनुसार मतदान का अधिकार है। मतदाता सूची में किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम बनाए रखने की वकालत करना देशहित में नहीं हो सकता। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण चुनाव आयोग की निगरानी में जिला निर्वाचन अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से होता है। बीएलओ किसी राजनीतिक दल का कार्यकर्ता नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था का हिस्सा होता है। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि यदि एसआईआर की प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी हुई है तो कांग्रेस शासित राज्यों की प्रशासनिक मशीनरी ने इस संबंध में कोई शिकायत क्यों नहीं की? क्या किसी बीएलओ या सरकारी कर्मचारी ने दबाव में गलत तरीके से मतदाताओं के नाम हटाने की शिकायत की है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बेबुनियाद आरोप लगाने के बजाय तथ्यों और प्रमाणों के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति का आधार अब चुनावी हार का ठीकरा कभी ईवीएम तो कभी चुनाव आयोग पर फोड़ना बन गया है।

चुनाव हारते ही कांग्रेस उठाती है ईवीएम पर सवाल

जब कांग्रेस कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में चुनाव जीतती है तो उसे ईवीएम और चुनाव आयोग पर कोई आपत्ति नहीं होती, लेकिन चुनाव हारते ही वोट चोरी का राग अलापना शुरू कर देती है। उन्होंने सवाल उठाया कि राहुल गांधी बताएं कि चुनाव जीतने पर ईवीएम और चुनाव आयोग सही कैसे हो जाते हैं और हारने पर उन्हीं पर वोट चोरी के आरोप क्यों लगाए जाते हैं? मांडविया ने कहा कि लोकतंत्र में जनादेश को स्वीकार करना चाहिए, न कि संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर जनता को भ्रमित करना चाहिए। कांग्रेस को समझना होगा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है। इस अवसर पर विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, नगर निगम मेयर कोमल सैनी, पूर्व मेयर अवनीत कौर, सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा, अनीता चावला, भावना जैन, संजय त्यागी, जिला महामंत्री सुमित जागलान, सुनील कंसल, ओमदत्त आर्य, तरुण पसरीजा, रमेश सैन अहरिया, शुभम, राहुल राणा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



करनाल। एंटी ऑटो थेफ्ट पुलिस द्वारा बरामद की गई चोरी की बाइकें।

वाहन चोर गिरोह पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 12 बाइक बरामद

- चार आरोपी गिरफ्तार, कई थाना क्षेत्रों से चोरी किए गए थे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस के निर्देशन में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी ऑटो थेफ्ट करनाल की टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की 12 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

एंटी ऑटो थेफ्ट प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार गहलावत ने बताया कि वाहन चोरी के मामलों की जांच के लिए तीन पुलिस टीमें गठित की गई थीं। सहायक उप निरीक्षक दलीप सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने सौरभ और रोहित उर्फ जामण निवासी ललयाणी को सेक्टर-16 के पास से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर पांच मोटरसाइकिलें बरामद कीं।

दूसरी टीम ने सहायक उप निरीक्षक ऋषिपाल के नेतृत्व में नीलोखेड़ी निवासी अमृतपाल सिंह उर्फ लक्की को गिरफ्तार कर तीन मोटरसाइकिलें बरामद कीं। तीसरी टीम ने मुख्य सिपाही सुखमहेंद्र सिंह के नेतृत्व में गांव डाचर निवासी विशाल उर्फ विशु को गिरफ्तार कर चार मोटरसाइकिलें बरामद कीं। जांच में आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। चारों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

साइबर ठगों ने व्यक्ति से ठग लिए 2.84 लाख रुपये

यमुनानगर। साइबर ठगों ने व्हाट्सएप पर इंडियन बैंक के नाम से एपीके फाइल भेजकर एक व्यक्ति से दो लाख 84 हजार 750 रुपये ठग लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव चहड़वाला निवासी 47 वर्षीय राजकुमार ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उनके व्हाट्सएप नंबर पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने इंडियन बैंक के नाम से एपीके फाइल भेजी थी। बैंक के नाम से आई फाइल को लेकर ठगों ने उन्हें अपने जाल में फंसाया। इसके बाद उनके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई और अलग अलग लेनदेन के माध्यम से कुल 2 लाख 84 हजार 750 रुपये की रकम निकल गई। गत 1 नवंबर को दोपहर करीब 2 बजकर40 मिनट से 4 नवंबर को दोपहर 2 बजकर 40 बजे तक की अवधि में यह ठगी हुई। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सफाई के दौरान हादसा, ईंट पत्थर गिरने से दो बाइक सवार समेत तीन लोग जख्मी, नाक की हड्डी टूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के मंजी साहिब गुरुद्वारे के पास शुक्रवार को सफाई के दौरान एक हादसा हो गया। अमृतसर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर फ्लाईओवर पर चल रहे सफाई कार्य के दौरान ऊपर से ईंट-पत्थर सर्विस रोड पर गिरे। वहां से बाइक पर गुजर रहे दो युवकों व 8 वर्षीय बच्चे को पत्थर लगे। हादसे में तीनों हुए घायल। राहगीरों की मदद से उन्हें अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। यहां जांच के दौरान एक युवक की नाक की हड्डी में फ्रैक्चर मिला, जबकि दूसरे युवक के सिर में चोट लगने पर टांके लगाने पड़े।

पत्थर गिरने पर मची अफरा-तफरी

घायलों की पहचान बबलू, तरुण और 8 वर्षीय कुणाल के रूप में हुई है। तीनों मंजी साहिब गुरुद्वारे की तरफ से कालका चौक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मनमोहन नगर के पास फ्लाईओवर पर सफाई का काम चल रहा था। आरोप है कि सफाई के दौरान ऊपर से ईंट-पत्थर नीचे गिरा दिए गए, जो सीधे बाइक सवारों को लगे। बबलू के मुताबिक, पत्थर उसके सिर में लगा, जबकि उसके साथ जा रहे तरुण के चेहरे पर चोट आई और वह मौके पर ही बेहोश हो गया था। घायलों के परिजन सोनू ने बताया कि हादसे में उसका भतीजा तरुण, मामा का लड़का बबलू और उसका 8 वर्षीय बेटा कुणाल घायल हुए हैं। तरुण की नाक की हड्डी टूट गई है, जबकि बबलू के सिर में चोट आई है। बच्चे के सिर में भी चोट लगी है और उसकी एमआरआई कराई जा रही है। सोनू का आरोप है कि हादसे के बाद मौके पर मौजूद एनएच के कर्मचारी बिना उनसे बात किए वहां से चले गए। बाद में डायल 112 की टीम पहुंची और पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों के अनुसार, वे थाने में भी पहुंचे हैं, जहां पुलिस उनके बयान दर्ज करेगी। नागरिक अस्पताल की डॉक्टर वंशिका ने बताया कि शुक्रवार को उनके पास तीन घायल पहुंचे थे। इनमें दो वयस्क और एक बच्चा शामिल था। तीनों ने हाईवे पर ऊपर से भारी वस्तु गिरने की बात बताई।

तिहाणों के खेतों में मिला 13 फुट लंबा अजगर

- वाइल्ड लाइफ विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर किया रेसक्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के गांव तिहाणो में एक किसान के खेत में करीब तेरह फुट लंबा और 40 किलोग्राम वजनी अजगर मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। खेत में गए एक ग्रामीण को दूर से अजगर पॉलिथीन जैसा दिखाई दिया। नजदीक पहुंचने पर उसकी असलियत का पता चला तो वह घबरा गया। ग्रामीणों के तुरंत वाइल्ड लाइप विभाग को सूचना दी। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अजगर को रेसक्यू किया। तिहाणों गांव के ग्रामीण मुकेश ने बताया कि वह शुक्रवार को किसी काम से खेत की ओर गया था। धान की फसल कटने के बाद खाली पड़े खेत में उसे दूर से कुछ हिलता हुआ दिखाई दिया। पहले उसे लगा कि वहां कोई बड़ा पॉलिथीन पड़ा है। लेकिन नजदीक पहुंचने पर विशाल अजगर दिखाई दिया। वह अजगर को देखकर घबरा गया और तुरंत ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और वाइल्ड लाइफ विभाग को बुलाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया और उसे जंगल में छोड़ दिया। वाइल्ड लाइफ विभाग के कर्मचारी मोहित ने बताया कि धान की फसल कटने के बाद खेत खाली हो गए हैं। ऐसे में शिकार की तलाश में छिपे रहने वाले सांप और अजगर अब दिखाई देने लगे हैं। इसलिए खेतों में आने जाने वाले ग्रामीणों को सतर्क रहने की जरूरत है।



यमुनानगर। गांव तिहाणों में अजगर को रेस्क्यू करते हुए वाइल्ड लाइफ विभाग की टीम।

तीन महीने में 21 अजगरों का रेस्क्यू

वाइल्ड लाइफ टीम के सदस्य मोहित ने बताया कि अजगर अक्सर शिकार की तलाश में जंगल से बाहर निकल आते हैं। ये जहरीले नहीं होते हैं। लेकिन शिकार को शरीर में जकड़कर उसका दम घोंट देते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले करीब तीन महीने में वह 21 अजगरों का रेस्क्यू कर चुके हैं। इस अजगर को भी सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है।

फर्जी दस्तावेजों से लिया चार लाख का लोन

पीड़ित ने सिबिल स्कोर की जांच करने पर हुआ खुलासा

- पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अज्ञात ने एक व्यक्ति के नाम फाइनेंस कंपनी से 4 लाख 19 हजार रुपये का लोन लेकर हड़प लिया। पीड़ति को मामले के बारे में तब पता चला जब उसने अपना सिबिल स्कोर चेक किया। उसने तुरंत पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

ऐसे खुला फर्जीवाड़ा

जानकारी के मुताबिक संजय विहार कालोनी निवासी मोहित गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 अक्टूबर 2024 को उसके नाम पर किसी ने फाइनेंस कंपनी से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 4 लाख 19 हजार रुपये का लोन लिया गया। इस संबंध में उसे उस समय कुछ नहीं पता चला। अब जब उसने अपना सिबिल स्कोर चेक किया तो उसके नाम पर चल रहे इस लोन का पता चला। उसने तुरंत जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 स्थित कंपनी के शाखा कार्यालय में जाकर जानकारी मांगी तो उसे वहां से लोन एग्रीमेंट की कॉपी मिली। शिकायतकर्ता के अनुसार एग्रीमेंट में दर्ज मोबाइल नंबर और ई.मेल आईडी उसकी नहीं है। उसने गत सितंबर में मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दी गई थी। इसकी प्रारंभिक जांच आर्थिक अपराध शाखा यमुनानगर की ओर से की गई। जांच के बाद थाना गांधी नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। थाना प्रभारी विशाल ने बताया कि पुलिस मामले की आगामी जांच कर रही है।

अग्निवीर भर्ती में युवाओं ने दिखाया उत्साह

भारी संख्या में फिजिकल टेस्ट देने पहुंचे युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सेना में अग्निवीरों की भर्ती में युवाओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। भर्ती निदेशक ने बताया कि अंबाला छावनी में सेना अग्निवीर (पुरुष) भर्ती रैली का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में देशभक्ति, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का एक प्रेरणादायक नज़ारा देखने को मिला। राज्य भर से हज़ारों उत्साहित युवा एक ही सपने के साथ यहां जुटे थे कि भारतीय सेना की वर्दी पहनना और देश की सेवा करना। यह रैली प्रदेश की सशक्त सैन्य परंपरा को दर्शाती है। जहां ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवा सशस्त्र बलों में सेवा करने को गर्व और सम्मान की बात मानते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन आर्मी खडगा स्टेडियम में किया गया जहां तैयारियों का जायज़ा जेडआरओ के डीडीजी (भर्ती) ब्रिगेडियर आरएस चिब ने स्वयं लिया। आयोजन स्थल पर युवाओं की भारी भीड़ और ऊर्जा देखने को मिली। वे अपने दस्तावेज़ों के साथ पहुंचे थे। शारीरिक फिटनेस टेस्ट के लिए तैयार थे।



अंबाला। भर्ती के लिए शारीरिक फिटनेस टेस्ट में हिस्सा लेते युवा।

पारदर्शी सेना भर्ती रैली से युवाओं को अवसर

सेना के अधिकारियों और सहयोगी स्टाफ ने हर चरण में युवाओं का मार्गदर्शन किया, ताकि पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी बनी रहे। उम्मीद जरों ने सेना के प्रबंधन और स्टाफ द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की, जिससे उन्हें काफी मदद मिली। यह रैली नागरिक प्रशासन के सहयोग से आयोजित की गई थी, जो इतने बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान के लिए किए गए बेहतरीन समन्वय को दर्शाता है। कई युवाओं के लिए, सेना में शामिल होना केवल करियर का विकल्प नहीं है बल्कि यह उनके परिवार के लिए गर्व की बात और देश की रक्षा करने का एक सपना है। इस रैली ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को एक ऐसा मंच दिया, जहाँ वे निष्पक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और सैनिक बनने के अपने सपने को पूरा कर सकते। करनाल जिले के घरौंडा गांव के रहने वाले युवराज सिंह ने कहा कि यह रैली बहुत ही पारदर्शी, सौहार्दपूर्ण और पेशेवर तरीके से आयोजित की गई। स्टाफ ने उम्मीदवारों को विभिन्न टेस्ट और अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में अच्छे से मार्गदर्शन दिया। राज्य पुलिस, शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के साथ मिलकर इस रैली का सफल आयोजन यह बताता है कि रक्षा क्षेत्र में करियर बनाने के लिए फिटनेस, शिक्षा, अनुशासन और दृढ़ता कितनी महत्वपूर्ण है।

दीपावली के त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह, तैयारियों में जुटे बच्चे, बूढ़े और नर-नारी

धनतेरस पर श्रद्धालुओं ने शुभ मुहूर्त में खरीदी चांदी की हटड़ी व लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां

ज्वेलर्स की दुकानों पर शुभ मूर्हत में उमड़ी ग्राहकों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। ज्वैलर्स की दुकान पर धनतेरस पर चांदी के सिक्के खरीदते ग्राहक।

धनतेरस का पर्व शुक्रवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। धनतेरस के पर्व पर ग्राहकों ने ज्वैलर्स की दुकानों पर पहुंचकर शुभमूर्हत में चांदी की हटड़ी समेत गणेश व मां लक्ष्मी की मूर्तियों से छपे चांदी के सिक्कों को खरीदा। खास बात यह रही कि कई ग्राहकों ने ज्वैलर्स के शोरूमों पर जाकर मां लक्ष्मी की मूर्तियों से बने गिलास, दीपक व अन्य सामान खरीदा।

ज्योतिषाचार्य पंडित रामपाल शर्मा ने बताया कि धनतेरस पर श्रद्धालु शुभ मूहुर्त में पूजा अर्चना करने के लिए ज्वेलर्स की दुकानों पर पहुंचकर चांदी की हटड़ी व गणेश की मूर्तियों समेत अन्य सामान की खरीददारी करते हैं। जिनसे वह शुभ मूहुर्त में पूजा अर्चना करके अपने घरों में पूरा वर्ष खुशहाली व समृद्धि की कामना करते हैं।

उन्होंने बताया कि धनतेरस पर पूजा अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस पर्व पर शुभ मूहुर्त में पूजा अर्चना करने से वर्ष भर सुख समृद्धि का वास रहता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित रामपाल शर्मा ने बताया कि लोग धनतेरस पर चांदी, तांबा, सोना समेत अन्य धातुओं से बने सामान को खरीदकर अपने घरों में बनाए पूजास्थल में रखते हैं। दीपावली पर्व पर पूजा करने के बाद धनतेरस पर खरीदे गए सामान को धारण करने अथवा प्रयोग करने का विधान है।

चांदी के सिक्के खरीदने की है परंपरा

शहर के तेजली के स्वर्णकार मोहित वर्मा व मॉडल टाउन से सुधीर वर्मा आदि ने बताया कि धनतेरस पर सदियों से चांदी के सिक्के खरीदने की परंपरा है। इसलिए धनतेरस पर्व पर लोगों ने चांदी के सिक्के समेत देवी देवताओं की मूर्तियां खरीदी। हालांकि कुछ लोगों ने अपनी हैसियत के वजन अनुसार सोने की गिन्नी भी खरीदी। उनका कहना है कि धनतेरस पर्व पर कुछ ग्राहक ऐसे भी रहे जिन्होंने शनिवार को दिन में ही सामान खरीदा है। जबकि अधिकांश ग्राहक धनतेरस के शुभमूर्हत पर शाम को ही उनकी दुकानों पर पहुंचे और विभिन्न धातुओं से बनी वस्तुओं को खरीदा।



पर्यावरण अनुकूल मनाएं दीपावली का पर्वः आकाश

यमुनानगर। नगर निगम यमुनानगर की स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा शहर के वार्ड 16 स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में स्वच्छ भारत मिशन के विशेषज्ञ आकाश कुमार ने भाग लिया। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण अनुकूल दीपावली का पर्व मनाए जाने के लिए आहवान किया। स्वच्छ भारत मिशन टीम के विशेषज्ञ आकाश कुमार ने विद्यार्थियों को घरों में ही कचरे का पृथक्करण करने (सोर्स सेग्रीगेशन), सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने और कचरे को सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर न डालने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल के महत्व के बारे में बताते हुए अनावश्यक कचरे को कम करने और उपयोगी वस्तुओं का दोबारा इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञ आकाश कुमार ने विद्यार्थियों को दीपावली पर पटाखों का कम से कम इस्तेमाल करने, मिट्टी के दीये जलाने और आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से होती है।

न्यूज डायरी



प्रत्येक त्योहार का है अपना महत्व : शर्मा

यमुनानगर। न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लक्ष्मी गार्डन यमुनानगर में दीपावली के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने बहुत ही सुंदर.सुंदर रंगोली बनाकर सभी को हरित दीपावली मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने की।। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली के साथ साथ दीयों, कैंडल, लटकनए कैंडील व अन्य साजो.सामान का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि हर त्योहार का अपना महत्व होता है। स्कूल की प्रिंसीपल कमलेश सिक्का ने कहा कि स्कूल में इस तरह की प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं।



लोगों से प्रदूषण मूक्त दीपावली मनाने की अपील

रादौर। मुकंदलाल नेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रादौर के बच्चों ने रैली निकालकर नागरिकों को प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाए जाने के लिए जागरुक किया। विद्यालय के प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ग्रोवर ने बताया कि जागरुकता रैली स्कूल परिसर से शुरु होकर कस्बा के विभिन्न स्थानों से होते हुए अंत में शुभारंभ स्थल पर संपन्न हुई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने स्लोगनों के माध्यम से नागरिकों को अधिक से अधिक मिट्टी के दीये जलाने तथा पटाखों से परहेज करने का संदेश दिया। उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित दीपावली मनाने के प्रति जागरूक किया। ग्रोवर ने बताया कि दीपावली रोशनी का त्योहार है। पहले दीपावली पर दीप दान, पूजा अर्चना व प्रदूषण रहित दीपावली मनाई जाती थी। लेकिन अब दीपावली पर पटाखे बजाने का चलन चल पड़ा है। जिस कारण ध्वनि प्रदूषण व वायु प्रदूषण होता है। सभी को दीपावली पटाखों रहित मनानी चाहिए। रैली का आयोजन अध्यापक विल्सन कुमार, डॉली कंबोज, उर्वशी, अदिति व अंकित शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।



दीपावली आत्मा के भीतर के अंधकार को भी मिटाने का प्रतीक : मोनिका

यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शुक्रवार को दीपावली के शुभ अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं, सृजनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों ने दीया व मोमबत्ती बनाओ और रंग भरो गतिविधि में भाग लिया। छोटे-कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने दीपावली पर रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कक्षा चार के विद्यार्थियों ने दीपावली विषय पर कविता पाठ किया। बच्चों ने स्वर लहरियों से दीपोत्सव की भावना को जीवंत कर दिया। कक्षा पांच और छह के विद्यार्थियों के लिए मिट्टी के दीये बनाने की गतिविधि आयोजित की गई।

दिवाली से जीवन में फैलती है साकारात्मक ऊर्जा

सेठ जयप्रकाश मुकंदलाल इंस्टीट्यूट रादौर में धूमधाम से मनाया रोशनी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। सेठ जयप्रकाश मुकुंद लाल इंस्टीट्यूट में दीपावली उत्सव का शुभारंभ करते निदेशक डॉ. एसके गर्ग व अन्य।

सेठ जय प्रकाश मुकुंद लाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रादौर में दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल और मनोरंजक गेम जोन व दीपावली की सजावट से संबंधित स्टॉल्स लगाए गए। उत्सव का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने दीप प्रज्वलित करके किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर विद्यार्थियों ने स्टॉल्स के माध्यम से अपनी रचनात्मकता, उत्साह एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सजावट के स्टॉल्स पर सुंदर मोमबत्तियां, आकर्षक दीये व अन्य सजावटी वस्तुएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। उन्होंने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि दीपावली पर्व प्रकाश का पर्व है। यह सभी को अपने जीवन में आशा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रकाश फैलाने के लिए प्रेरित करता है।

उत्सव को ओर अधिक मनोरंजक एवं यादगार बनाने के लिए ओपन डीजे कार्यक्रम व फ्लैश मॉब का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य और उत्साह के साथ दीपावली पर्व मनाया। इस दौरान रंग बिरंगी सजावट, स्वादिष्ट व्यंजनों, मनोरंजक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से सजा यह दीपावली उत्सव खुशियों, उमंग, रचनात्मकता व आपसी मेलजोल का एक विशेष अवसर बना। उत्सव में विद्यार्थियों ने 22 स्टॉल्स लगाए।



पर्ल किंडरगार्टन में धूमधाम से मनाया दीपावली पर्व

रादौर। पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल में शुक्रवार को धन तेरस व दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय को बच्चों ने रंगोली, फूलों व दीपो से सजाया गया। मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रिंसीपल स्वाति गोयल ने दीप प्रज्जवलित करके किया। प्रिंसीपल स्वाति गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने आतिशबाजी व पटाके ना जलाने पर एक नाट्य मंचन करके सभी को पटाखे नहीं जलाने का संदेश दिया। वहीं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को श्री राम के जीवन के बारे में जानकारी मिली। प्रिंसीपल स्वाति गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने दिया सजाना व हाथ से दीपावली की सजावट का सामान बनाना आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने एक छोटी सी नाटिका के माध्यम से श्री राम जी की अयोध्या आगमन पर नगर वासियों की खुशी को दिखाया गया। लक्ष्मी मां व गणपति की उपस्थिति अत्यंत मनोहर लग रही थी। बच्चों ने नृत्य कर समय को बांध दिया। प्रिंसीपल स्वाति गोयल ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि इस दिन श्री राम 14 वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्या वापस आए थे। इस दिन लक्ष्मी मां की गणपति जी की पूजा की जाती है।

स्वदेशी एलइडी लड़ियां बन रहीं ग्राहकों की पंसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



दीपावली पर्व पर अपने घर को आकर्षक बनाने के लिए हर व्यक्ति तैयारियों में लगा है। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को लूभाने के लिए अलग-अलग तरह का सामान अपनी दुकानों पर सजा दिया है। खास बात यह है कि इस बार दीपावली पर्व पर रिमोट से चलने वाली स्वदेशी लड़ियां ग्राहकों की पहली पसंद बन रही हैं। वहीं, बाजार में स्वदेशी एलइडी एसएमडी पाइप भी ग्राहकों को लूभा रहे हैं। हालांकि कीमती होने के कारण ये लड़ियां थोड़ी महंगी हैं। पर प्रोडक्ट बिल्कुल नया है। इनकी रोशनी इतनी है कि दूसरे के घर को भी रोशन करने के अलावा बरसात में भी इन लड़ियों को कोई नुक्सान होने की संभावना नहीं है।

प्रियांस लाईट कंमन्यूकेशन के संचालक परवीन उर्फ प्रियांस ने बताया कि इस बार दीपावली पर रिमोट से चलने वाली लड़ी व एसएमडी पाइप भी बिक्री के लिए बाजार में हैं और ग्राहक उन्हें काफी पसंद कर रहे हैं। रिमोट लड़ी में चार रंग आए हैं। उन्होंने बताया कि लड़ियों की खासियत यह है कि इससे न तो ज्यादा बिजली की खपत होगी और न ही करंट का डर रहेगा। रिमोट लड़ी में 25 कलर और दो फंक्शन आए हैं। जिससे ग्राहक रिमोट के जरिए किसी प्रकार का कलर लगा सकता है। दुकानदारों ने बताया कि रिमोट लड़ी को ग्राहक 15 से 20 फुट की दूरी से ऑपरेट कर सकता है। एलइडी व रिमोट वाली लड़ी की इतनी लाइट्स है कि वह कम बिजली में भी दूसरे के घर को रोशन करेगी।



रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें विद्यार्थी

रादौर। संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल एवं सुरेंद्रा हाई स्कूल कैंप में दीपावली व भाई दूज पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद भगत सिंह मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रणधीर सिंह चौधरी ने मुख्यातिथि के रुप में दीप प्रज्वलित करके किया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सोनिया चानना ने की। विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनिया चानना ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा वार गतिविधियों में नर्सरी के विद्यार्थियों ने दीपावली एवं भाई दूज कार्ड मेकिंग, एलकेजी ने दीये पर थंब पेंटिंग एवं पेपर पॉट सजावट, यूकेजी ने मून स्टार हैंगिंग एवं कॉटन बड रंगोली बनाई। इस अवसर पर मुख्यातिथि रणधीर सिंह चौधरी ने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं कलात्मक कौशल को विकसित करने के साथ साथ उन्हें भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ती हैं। कार्यक्रम में सुरेश चानना, रजविंदर कौर, मोहित बलियान, शरणप्रीत कौर बराड़, नवदीप सिंह बराड़ आदि मौजूद रहे।



मेले में लगाए हस्तनिर्मित वस्तुओं के स्टाल

रादौर। जेएमआईइटीआई तकनीकी कालेज रादौर में दीपावली पर्व के अवसर पर शुभांजलि एवं कार्निवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और नवाचार का शानदार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने बताया शुभांजलि कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, कविता पाठ और मधुर गीतों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भरने के साथ साथ विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। कार्निवल में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न खाद्य स्टॉल एवं हस्तनिर्मित वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए। विद्यार्थियों ने अपने व्यावसायिक विचारों को वास्तविक रूप देते हुए खाद्य पदार्थों और स्वयं तैयार की गई वस्तुओं की बिक्री की। इस गतिविधि से विद्यार्थियों को व्यवसाय शुरू करने, उत्पादों की कीमत निर्धारित करने, ग्राहकों की पसंद समझने तथा लागत, आय और लाभ हानि का ज्ञान प्राप्त हुआ।



घर की सजावट के लिए विद्यार्थियों ने बनाए तोरण

यमुनानगर। गांव सुढ़ैल स्थित न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को धनतेरस और दीपावली पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण को रंग बिरंगी झालरों, दीयों, फूलों और सुंदर सजावटों से सजाया गया था। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने किया। प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने अपने हाथों से आकर्षक और रंगीन दीये सजाए, सुंदर शुभकामना कार्ड बनाए और घर की सजावट के लिए सुंदर तोरण तैयार किए। विद्यालय परिसर बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता से सजा हुआ नजर आ रहा था। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान और जुड़ाव की भावना विकसित करना रहा। प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने कहा कि दीपावली केवल एक त्यौहार नहीं बल्कि यह प्रेम, एकता, सद्भाव और सकारात्मकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, टीम वर्क और भारतीय परंपराओं के प्रति गर्व की भावना को बढ़ावा देते हैं। बच्चों की उत्सुकता और रचनात्मकता देखकर मन प्रसन्न हो गया। विद्यालय के अध्यक्ष जीएस शर्मा ने कहा विद्यालयों में इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने दीप प्रज्जवलित कर हर घर दीप जले, हर मन उजले का संदेश दिया।

सामाजिक सेवाओं में निस्वार्थ योगदान का मिला इनाम

रोड सेफ्टी आग्रेनाइजेशन के सदस्य सम्मानित

रेडक्रास सोसायटी ने रेडक्रास भवन में किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। रेडक्रास भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि एवं स्वतंत्रता सेनानी के साथ सम्मानित हुए सदस्य खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला रेडक्रास सोसायटी यमुनानगर द्वारा शहर के रेडक्रास भवन में विशेष सामाजिक कार्यों में योगदान देने के लिए रोड सेफ्टी आग्रेनाइजेशन के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी डॉ. मदन मोहन गुप्ता ने मुख्यातिथि के रुप में सभी सदस्यों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्यातिथि डॉ. मदन मोहन गुप्ता ने कहा कि नौजवान राष्ट्रभक्ति को अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर देश की उन्नति व विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि उनका जन्म 15 जुलाई 1932 में गुमथला राव में हुआ था। उनके पिता अंग्रेजों के समय में अध्यापक थे और लगभग 18 वर्ष तक गांव में सरपंच भी रहे थे। उन्होंने बताया कि उनकी आरंभिक पढ़ाई गीता हाई स्कूल कुरुक्षेत्र से हुई थी। उसके बाद आयुर्वेदिक शिक्षा दिल्ली से ग्रहण की और अपनी आर्युवैदिक प्रैक्टिस गुमथला राव में शुरू की। उन्होंने बताया कि वे 1945 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे। आज 95 वर्ष की आयु में वे स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जीवन यापन कर रहे हैं और सरकार की ओर से उनको सम्मानित किया जाता है।

डॉ. मदन मोहन गुप्ता के जीवन से प्रेरणा लें युवा

मौके पर जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव संजीव धीमान ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को डॉ. मदन मोहन गुप्ता जैसे स्वतंत्रता सेनानियों से देश भक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए तथा आयुर्वेद के क्षेत्र में उनके अनुभव से पौष्टिक भोजन एवं सादगी भरी जीवन शैली अपनी चाहिए। ऐसे प्रेरणा दायक व्यक्तित्व के विचारों से नई पीढ़ी को नए आयामों, स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष एवं बलिदान तथा राष्ट्रभक्ति के बारे में पता चलता है। इन महापुरुषों की विचारधारा और सामाजिक योगदान के बारे में अधिक से अधिक लोगों को अवगत कराना चाहिए। इस अवसर पर रोड सेफ्टी आग्रेनाइजेशन के सदस्य अरुण कुमार, धैर्य, गुलशन कुमार, देवी चन्द, प्रदीप गुलाटी, विकास जैन, राजपाल, गुरूसेवक, गुलशन धीमान, दलीप कुमार व शीशपाल आदि मौजूद रहे।

भाषण स्पर्धा से बच्चों में विकसित होती है मंच पर बोलने की क्षमता

- स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से रूहानी, समृद्धि, सान्वी, शिविका, मन्नत, विश्व प्रताप और परव ने उत्कृष्ट भाषण दिया। वहीं, कक्षा तीसरी से परीधि, यशिका, भव्या, अनिकेत, मनन और पार्थ ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इसी तरह कक्षा चौथी से रूहानी, जशन, केशव और कार्तिक तथा कक्षा पांचवीं से अरंशी, मान्या, मन्नत और वंशिका का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इसके अलावा शिवाय, श्रेया, युवांश, अन्वी, रुद्राक्ष, तक्षम, अंशुमन, विनायक, सान्वी, पार्थ, मिवान, उधव, ट्विंकल, रुचि, जिया, वान्या और ध्रुव ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल और मंच पर बोलने की क्षमता का विकास होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



यमुनानगर। स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रतियोगिता में भाषण देती छात्रा। फोटो : हरिभूमि

जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में हर्षोल्लास से मनाया महोत्सव

दीपावली जीवन में ज्ञान, सकारात्मकता प्रेम एवं सद्भाव का प्रकाश फैलाने का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में दीपावली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। मोहन नगर स्थित गीता निकेतन विद्या मंदिर में पंचपर्वोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को भव्य ज्योतिर्मय मेले का आयोजन हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया गया। इस दौरान विद्यालय की ओर से चलाए गए हरित दीपावली-स्वच्छ दीपावली अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्याम लाल कौशल, प्रबंधक राजेश गोयल, कोषाध्यक्ष विनोद गर्ग, सदस्य हरविंदर बंसल, रामचंद्र सैनी, मोहित गुप्ता, प्रधानाचार्य यशपाल वधवा तथा पूर्व प्रबंध समिति के सदस्य नरेंद्र धमीजा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं प्रधानाचार्य यशपाल वधवा ने समस्त विद्यालय स्टाफ को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उपहार भेंट किए। वहीं संरक्षक रमेश दत्त शर्मा, प्रबंधक राजेश गोयल, प्रांत प्रतिनिधि सरोज सैनी तथा सदस्य राकेश मेहता और मोहित गुप्ता ने भी सभी को पंचपर्वोत्सव एवं दीपावली की बधाई दी।





नवयुग स्कूल में लक्ष्मी पूजन के साथ मनाई दीपावली

कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली का पावन पर्व श्रद्धा, उल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ लक्ष्मी पूजन करके मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता लक्ष्मी एवं भगवान गणेश के विधिवत पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी. डी. गाबा, प्रशासक विकास गाबा, प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र अरोड़ा, मुख्याध्यापिका प्रीति मिश्रा, कोऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक रूप से माता लक्ष्मी एवं भगवान गणेश का पूजन कर धनतेरस के पावन अवसर पर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।पूजन के पश्चात माता लक्ष्मी की भव्य आरती की गई। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक माता लक्ष्मी के समक्ष नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को प्रसाद वितरित किया गया। संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी. डी. गाबा ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का त्योहार नहीं, बल्कि जीवन में ज्ञान, सकारात्मकता, प्रेम एवं सद्भाव का प्रकाश फैलाने का संदेश भी देती है। उन्होंने सभी को आपसी प्रेम, भाईचारे एवं खुशियों के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र अरोड़ा ने भी सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर अध्यापिका मंजीत, अनू, रजनी, नैंसी, सीमा, पायल, पंकज, योगिता, परमज्योति, मोनिकासुमन, कल्पना, काशा, रिहाना, अंजली, भारती, पिंकी, कोमल, स्वाति, गीता, स्नेह ,मधु, रेनू एवं परवेश, रुचिका ,गुंजन,अध्यापक जसमेर, किरणजीत, शक्ति प्रकाश एवं हेमंत सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के रंगों में रंगा अक्षरा इंटरनेशनल

अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल, पिहोवा में दीपावली का पर्व बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रंगोली, पेंटिंग, कक्षा-कक्ष सजावट और सॉफ्ट बोर्ड सजावट प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मक सोच से विद्यालय परिसर को रंगों और दीपों की सुंदर छटा से सजा दिया। वहीं, गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। चेयरपर्सन पूनम काहड़ा ने विद्यार्थियों को दीपावली का धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास पूरा कर रावण का वध करने के बाद जब अयोध्या लौटे थे, तो अयोध्यावासियों ने घी के दीप जलाकर उनका भव्य स्वागत किया था। तभी से दीप जलाकर दीपावली मनाने की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने बताया कि सिख धर्म में यह पर्व बंदी छोड़ दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन गुरु हरगोबिंद साहिब जी की मुक्ति और उनके साथ 52 राजाओं की रिहाई की स्मृति में मनाया जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गेश शर्मा ने कहा कि दीपावली हमें अंधकार से प्रकाश और बुराई से अच्छाई की ओर बढ़ने की प्रेरणा देती है। विद्यालय में इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार विकसित करने और अपनी परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यूनिवर्सिटी स्थित स्कूल की छात्राओं ने कुवि कुलगुरु को भेंट किए हाथों से सजाए दीपक

कुरुक्षेत्र। रचनात्मकता, मेहनत और संस्कार उज्ज्वल भविष्य की नींव है जिससे विद्यार्थियों में कला, कल्पनाशीलता, उद्यमशीलता, आत्मनिर्भरता के गुण और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलता है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने दीपावली के पावन अवसर पर यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल की छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए व्यक्त किए। दीपावली के पावन अवसर पर यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल की दो छात्राओं ने कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा को उनके द्वारा सुंदर दीपक भेंट किए। कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि छात्राओं ने रंगों, कलात्मक डिजाइनों और पारंपरिक सजावट से तैयार इन दीपों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और त्योहारों के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया है। इस अवसर पर स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रो. सुनीता दलाल एवं स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह ने कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।



रंग-बिरंगी सजावट और रोशनी से जगमगाया सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल

कुरुक्षेत्र। सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल, मोहन नगर में दीपावली के पावन अवसर पर भव्य दीपावली मेले का आयोजन बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का प्रांगण रंग-बिरंगी सजावट, रोशनी और उत्सव के उल्लास से जगमगा उठा।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि मलकित ढांडा एवं पंकज अरोड़ा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से हरियाणा और पंजाब की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, खान-पान एवं लोकजीवन को सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया गया। मेले का एक विशेष आकर्षण विद्यार्थिनी यांशिता की अनोखी प्रस्तुति रही। उसकी आँखों पर पट्टी बाँधकर पुस्तक पढ़ने की गतिविधि प्रस्तुत करवाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

विद्यार्थियों ने रैली निकालकर प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का दिया संदेश

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल की ओर से शुक्रवार को प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के संदेश के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को पटाखों से होने वाले प्रदूषण के प्रति जागरूक किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को दीपावली पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने धनतेरस, रूप चतुर्दशी (छोटी दीपावली), दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज जैसे पर्वों की परंपराओं एवं महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के अनुकूल और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को पटाखों का प्रयोग न करने तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रवीण शर्मा, डॉ. सुशील टाया, नीतिका वशिष्ठ, निशा, आरती, सुमन, पंकज शर्मा सहित अन्य शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने रंगोली में दिखाई प्रतिभा

कुरुक्षेत्र। महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल मोती चौक थानेसर के प्रांगण में दीपावली एवं धनतेरस के उपलक्ष्य में रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिताओं के तहत विद्यार्थियों ने दिया सजावट, रंगोली एवं कार्ड मेकिंग में अपनी प्रतिभा दिखाई। बच्चों ने रंग-बिरंगे रंगों, आकर्षक डिजाइनों एवं विभिन्न कलात्मक वस्तुओं की मदद से सुंदर रंगोली बनाई और दियों को आकर्षक ढंग से सजाया। विद्यार्थियों ने दीपावली की शुभकामनाओं से जुड़े कार्ड भी तैयार किए। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान श्री विशाल सिंगला जी ने विद्यार्थियों और स्टाफ के सभी सदस्यों को परिवार सहित धनतेरस ,दीपावली एवं भैया दूज की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रबंधक विकास बंसल जी ने सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने का संदेश दिया।

दीपों से जगमगाया जयराम पब्लिक स्कूल

कुरुक्षेत्र। देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल लोहार माजरा में दीपावली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान के विशाल ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या श्रीमती अंजू अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी सेवा निवृत सूबेदार मेजर सुरेश कुमार और सभी अध्यापिकाएं उपस्थित रही। स्कूल प्राचार्या ने सभी स्टाफ मेंबर और बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि है दीपावली का पर्व रोशनी का पर्व है। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा सदन ने किया। मोनिका मेहता, ज्योति, उज्जवला,सिमरन, कविता, रंजना शर्मा ,नेहा गौतम अनु रजनी अध्यापिकाएं मौजूद रही।



राधा कृष्ण स्कूल में लगा दीपावली मेला

कुरुक्षेत्र। राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल, ठोल में प्रकाश पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर रंगारंग एवं भव्य दीपावली मेले का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्सव के रंगों से सराबोर नजर आया। चारों ओर खुशियों, रचनात्मकता और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। मेले में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं उद्यमशीलता का परिचय देते हुए आकर्षक स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन एवं आकर्षक उत्पाद उपलब्ध थे, जिन्होंने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को रचनात्मकता, टीम भावना, संवाद कौशल और व्यवसाय प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई मनमोहक रंगोलियाँ रहीं।



समभाव-समदृष्टि के आध्यात्मिक विद्यालयों का 29 और 30 नवंबर को होगा उद्घाटन



कुरुक्षेत्र। सतयुग दर्शन ट्रस्ट की ओर से विद्यार्थियों के आत्मिक उत्थान और नैतिक विकास के उद्देश्य से पंचकूला और अंबाला में समभाव-समदृष्टि के दो आध्यात्मिक विद्यालय शुरू किए जा रहे हैं। इनका उद्घाटन 29 और 30 नवंबर को प्रस्तावित है। इसी संदर्भ में ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी शिरीष गुप्ता, अंबाला प्रभारी एवं समाजसेवी सुंदर ढींगरा, केएल छाबड़ा, कुरुक्षेत्र प्रभारी एचसी मुंजाल तथा हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ. मनीश कुकरेजा ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती से पंचकूला स्थित उनके निवास पर मुलाकात कर उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। इस दौरान उन्हें सतवस्तु का सद्ग्रंथ और ट्रस्ट का आध्यात्मिक साहित्य भेंट किया गया। डॉ. मनीश कुकरेजा ने हरियाणा योग आयोग की ओर से महर्षि पतंजलि का चित्र तथा योग पर आधारित अपने अनुसंधान एवं रचना 'एबीसी ऑफ योग' चार्ट की प्रति भेंट कर सम्मानित किया। भारत भूषण भारती ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री की कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए भरपूर प्रयास किए जाएंगे।

महोत्सव | **मार्केट कमेटी लाडवा के परिसर में भव्य दीपावली मिलन एवं शुभकामना कार्यक्रम**

दीपावली त्योहार अंधकार से प्रकाश, बुराई से अच्छाई व निराशा से आशा की ओर जाने का प्रतीक : डा. गणेश

क्षेत्रवासियों, किसानों, आढ़तियों, मजदूरों और व्यापारियों को दीं शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मार्केट कमेटी लाडवा चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि अंधकार से प्रकाश, बुराई से अच्छाई और निराशा से आशा की ओर जाने का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी भाईचारा, प्रेम और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कामना की कि यह दीपावली सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए और हर घर एक दीपक की तरह जगमगाए। दीपों के महापर्व दीपावली के पावन अवसर पर मार्केट कमेटी लाडवा के परिसर में भव्य दीपावली मिलन एवं शुभकामना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्केट कमेटी लाडवा के चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त ने की। चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त ने मार्केट कमेटी परिसर में दीप प्रज्ज्वलित कर सभी प्रदेशवासियों, क्षेत्रवासियों, किसानों, आढ़तियों, मजदूरों और व्यापारियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किसान, व्यापारी और मजदूर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की किसान हितैषी नीतियों के कारण आज मंडियों में किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य समय पर मिल रहा है। मार्केट कमेटी लाडवा द्वारा मंडी में किसानों और आढ़तियों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।



लाडवा। कार्यालय में दीपक जलते मार्केट कमेटी के अध्यक्ष डॉ गणेश दत्त डीएसपी निर्मल सिंह व अन्य मार्केट कमेटी के सदस्य।

डीएसपी ने दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे डीएसपी निर्मल सिंह ने भी सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि दीपावली का त्योहार हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। पुलिस प्रशासन आमजन की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। मार्केट कमेटी के सचिव संत कुमार ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मंडी प्रशासन द्वारा दीपावली पर्व पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया है और मंडी परिसर को दीपों और रोशनी से सजाया गया है। कार्यक्रम के दौरान मंडी के प्रमुख आढ़तियों, किसानों और मजदूरों ने भी एक-दूसरे को दीप जलाकर और मिठाई बांटकर दीपावली की बधाई दी। पूरे परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित किसानों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी मेलजोल और भाईचारा बढ़ता है। इस अवसर पर डीएसपी निर्मल सिंह, वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंगला, मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार सहित आढ़ती, किसान और मजदूर उपस्थित रहे।

इन स्कूलों में भी दिवाली की धूम

सतलुज स्कूल में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



शाहबाद। दीपावली के पावन अवसर पर सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा में दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज के उपलक्ष्य में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता पाठ, भाषण एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से त्योहारों की खुशियों को साझा किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रामायण पर आधारित विशेष नाट्य मंचन रहा। इसमें विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की वेशभूषा धारण कर अपने अभिनय से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए सुंदर एवं आकर्षक कलाकृतियां तैयार कीं। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। स्कूल कोऑर्डिनेटर मनिंदर सिंह घुम्मन ने सभी को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की शुभकामनाएं दी।

दीपावली के रंगो में रंगा डीएसबी स्कूल



कुरुक्षेत्र। देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन श्रीब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से डी.एस.बी. इंटरनेशनल स्कूल निवारसी में दीपावली समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण दीपावली के रंगों, रोशनी और उमंग से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने आकर्षक एवं मनमोहक रंगोलियाँ बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एन.सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा उनके प्रयासों की सराहना की।

वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

शाहबाद। वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति, शाहाबाद मारकंडा ने वर्ष 2026 की अंतिम द्विमासिक बैठक को दीपावली मिलन समारोह के रूप में माता शाकुंभरी देवी मंदिर में समिति के संरक्षक श्री शाम लाल पोपली जी की अध्यक्षता में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया। समारोह में दयानंद वधवा,मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का समिति परिवार की ओर से पुष्पमालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि दयानंद वधवा, प्रधान श्रीसनातन धर्म महाबीर मंदिर एवं समिति परिवार द्वारा संयुक्त रूप से ज्योत कार्यक्रम के दौरान समिति के वरिष्ठ एवं प्रिय साथी स्वर्गीय कृष्ण लाल परूथी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधान मदन लाल कथुरिया ने उपस्थित सभी सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में सुरिंदर जैन, डॉक्टर केवल कृष्ण रेलन डॉक्टर रविकांत शर्मा, राणा प्रताप शर्मा, अविनाश अरोड़ा, फूल सिंह, गुरदयाल, राकेश मदान, सतपाल भाटिया,रामकरण चौहान सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



गीता कन्या विद्यालय की छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन रोड, कुरुक्षेत्र ने गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। विद्यालय की छात्राओं सरगम, प्रज्ञा एवं यश्वी ने तरुण वर्ग संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच में संकुल स्तर एवं प्रांत स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। अपनी सफलता की इस यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, छात्राओं ने क्षेत्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि दिलाई। सरगम, प्रज्ञा एवं यश्वी, उनकी समर्पित शिक्षिकाओं, विद्यालय प्रबंधन समिति तथा गौरवान्वित अभिभावकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला ने सभी छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करने का आशीर्वाद दिया।



आइंस्टीन स्कूल में दिखाई 'जय गणेशा' फिल्म

कुरुक्षेत्र। आइंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली का पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किंडरगार्डन के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनोरंजक गतिविधियों के साथ उत्सव का आनंद लिया। बच्चों को 'जय गणेशा' फिल्म भी दिखाई गई तथा उनके यादगार पलों को कैमरे में कैद किया गया। पाँचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 'समुद्र मंथन' पर आधारित शानदार नाट्य प्रस्तुति दी, जिसमें हलाहल विष का प्रकट होना, भगवान शिव द्वारा विषपान, माता लक्ष्मी का प्राकट्य और अमृत प्राप्ति जैसे प्रसंगों को जीवंत रूप में दर्शाया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन देवेंद्र सिंगला, डायरेक्टर डॉ. दीपाली सिंघल एवं वाइस प्रिंसिपल डॉ. संध्या वर्मा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की।



खबर संक्षेप

जिला महोत्सव का आयोजन 19 को

अंबाला। प्रधानाचार्य दिनेश सिंह राणा आईटीआई द्वारा बताया गया कि निदेशालय के आदेशानुसार जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2026 का आयोजन उपायुक्त सचिन गुप्ता की अध्यक्षता में 19 नवंबर 2026 व 20 नवंबर 2026 को किया जा रहा है। इसमें फॉक डांस ग्रुप, फॉक सांग ग्रुप, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, पोएट्री राइटिंग, ग्रुप म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

कानूनी साक्षरता शिविर में छात्रों को किया जागरुक

अंबाला। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कुशल मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलाना में एक विशेष कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के लीगल एड काउंसिल अधिवक्ता कमल धीमान द्वारा किया गया। शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया।

खेल अकादमी में प्रवेश के लिए होगा ट्रॉयल

अंबाला। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि रिहायशी स्विमिंग खेल अकादमी में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल दिनांक 13 नवंबर 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 09 बजे ऑल वेदर स्विमिंग पूल अंबाला छावनी में आयोजित किए जाएंगे।

अभी निशुल्क दे पाएंगे शहीद स्मारक की भव्यता

अंबाला। शहीद स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी ने बताया कि शुरुआत में कुछ समय तक शहीद स्मारक को निशुल्क चलाया जाएगा। आम लोगों के लिए इसे 10 नवंबर से यानि दीपावली के बाद खोला जाएगा। मगर इसको देखने के लिए लोगों को शहीद स्मारक की वेबसाइट पर जाकर स्लॉट बुक कराना होगा।

स्टील, पीतल, तांबे और कांसे के बर्तन बने बाजार में आकर्षण का केंद्र

धनतेरस पर ग्राहकों से गुलजार हुए बाजार जमकर खरीदारी, व्यापारियों के चेहरे खिले

सोने से लेकर बर्तन व इलेक्ट्रॉनिक सामान के साथ दो व चार पहिया वाहनों की भी हुई खरीदारी, ग्राहकों की पसंद के लिए बाजार में हर सामान मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। धनतेरस पर बर्तन खरीदती महिलाएं। *फोटो: हरिभूमि*

दीपोत्सव के पांच दिवसीय पर्व की शुरुआत धनतेरस के साथ शुक्रवार को उत्साह और उमंग के माहौल में हुई। सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारों की चहल-पहल देखने को मिली। बाजारों को रंग-बिरंगी लाइटों, आकर्षक सजावट और रोशनी से सजाया गया है। दुकानों के बाहर सजे सामान और ग्राहकों की आवाजाही ने पूरे बाजार को उत्सव के रंग में रंग दिया। सोने-चांदी के आभूषणों, सिक्कों, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों, बर्तनों, कपड़ों, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी को लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। धनतेरस को हिंदू धर्म में सुख-समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन नई वस्तु खरीदकर घर लाने से परिवार में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। इसी परंपरा के चलते लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार छोटी-बड़ी वस्तुओं की खरीदारी की। बाजारों में परिवार सहित पहुंचे लोग अपनी पसंद की वस्तुएं खरीदते नजर आए।

सर्राफा बाजार में दिखी रौनक

धनतेरस पर सबसे अधिक आकर्षण सर्राफा बाजार में देखने को मिला। सोने-चांदी के सिक्कों, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों और पारंपरिक आभूषणों की मांग बनी रही। इस बार चांदी से बनी कलात्मक मूर्तियां, चांदी के लोटे, गिलास, बोतलें और सजावटी वस्तुएं भी ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। अंबाला छावनी के सर्राफा कारोबारियों के अनुसार, कई ग्राहकों ने पहले ही अपने पसंदीदा आभूषणों और चांदी की वस्तुओं की बुकिंग करवा दी थी, ताकि शुभ मुहूर्त में उनकी डिलीवरी ली जा सके। महिलाओं में सोने के हल्के आभूषण, चेन, अंगूठियां और नए डिजाइन की ज्वेलरी को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। परंपरा और उपहार देने की भावना के चलते भौतिक सोने-चांदी की खरीदारी को प्राथमिकता दी जा रही है।

बर्तन बाजार में भी रही खूब रौनक

धनतेरस पर बर्तन खरीदने की पुरानी परंपरा आज भी कायम है। बर्तन बाजार में स्टील, पीतल, तांबे और कांसे के बर्तनों की विभिन्न वैरायटी ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। लोग पूजा के लिए थाली, कलश, दीपक, लोटा और रसोई के लिए नए बर्तन खरीदते नजर आए। इसके साथ ही आकर्षक क्रॉकरी सेट, डिनर सेट और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की भी मांग रही।

पार्किंग न होने से यातायात बाधित

त्यौहारी खरीदारी के दौरान बाजारों में बढ़ती भीड़ के साथ पार्किंग और यातायात व्यवस्था भी महत्वपूर्ण विषय रही। संकरी बाजारों में वाहनों की आवाजाही से ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा मुश्किल अंबाला शहर की होलसेल कपड़ा मार्केट में दिखी। यहां खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़ की वजह से यातायात अवरुद्ध हो गया। खरीदारी के लिए आए लोग अपने वाहनों को बीच बाजार में ही पार्क कर गए। इसकी वजह से दूसरे लोगों को बेहद दिक्कतें उठानी पड़ी। ऐसे में व्यापारियों के साथ ग्राहक भी बेहद परेशान नजर आए।

आस्था- खुशियों का संगम है धनतेरस

धनतेरस केवल खरीदारी का त्यौहार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना का प्रतीक भी है। इसी दिन भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। लोग अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार कोई न कोई नई वस्तु घर लाकर इस पर्व को मनाते हैं। शाम होते-होते बाजारों की रोशनी, दुकानों की सजावट और ग्राहकों की चहल-पहल ने दीपावली के आगमन का एहसास और भी खास बना दिया। कुल मिलाकर धनतेरस ने बाजारों में उत्सव का माहौल पैदा कर दिया।



अंबाला। समारोह का शुभारंभ करती व बच्चों के साथ चेयरपर्सन हीना गुप्ता।

जितनी किताबें पढ़ेंगे उतना ही बड़ा मुकाम हासिल होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

■ आईएएस हीना गुप्ता ने छात्रों को दिया जीवन में कामयाबी का मंत्र

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् द्वारा शुक्रवार को लघु भवन अम्बाला छावनी में दीपवली समारोह/ खुशियों का महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण परिषद अम्बाला की चेयरमेन व आईआरएस अधिकारी हीना गुप्ता ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक व संस्था के पदाधिकारियों ने पर्यावरण का प्रतिक पौधा देकर अभिन्नदन किया। इस अवसर पर हीना गुप्ता ने बाल कल्याण परिषद् द्वारा यहां पर स्थापित की गई बुक रिडिंग कल्ब का भी रिब्बन काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर दीपक जलाकर उपस्थित सभी बच्चों व अन्यों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में खुशियां आए, इसकी प्रभु से कामना की। उन्होनें यहां पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई प्रस्तुतियों की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि यहां पर आकर आपके साथ दीपावली पर्व मनाकर उन्हें काफी खुशी महसूस हुई हैं। बाल कल्याण परिषद के साथ संस्था के पदाधिकारी व अन्य जो सहयोग कर रहे है वह भी काबिले तारीफ हैं। उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों को कहा कि शिक्षा का जीवन में अहम महत्व होता हैं। यहां पर जो बुक रिडिंग कल्ब स्थापित की गई है और उनमें जो पुस्तके उपलब्ध हैं उनका बच्चों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि वे जिस मुकाम पर है वह शिक्षा के कारण ही है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़े, जितना वह पढ़ेंगे उतने ही अच्छे मुकाम पर वे पहुंचेंगे।

भारतीय संस्कृति के रंगों से सराबोर हुआ वार्षिकोत्सव

बराड़ा। संत प्रेम सिंह स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर जीवंत कर दिया। वहीं सामाजिक मुद्दों पर आधारित लघु नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को महत्वपूर्ण संदेश भी दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष रिचा पाहवा, रोटरी क्लब के प्रधान बलकार सिंह कांबोज, पब्लिक गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल दिलप्रीत सिंह, समाजसेवी हन्नी पाहवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सिरसगढ़ गुलशन डावर, विद्यालय चेयरमैन हरभजन सिंह, संस्थापक राजिंदर कौर, प्रधानाचार्य गुरदीप सिंह तथा कमलजीत कौर ने संयुक्त रूप से किया।



कविता पाठ में पल्लवी ने मारी बाजी

बराड़ा। ऋषि बोध उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में डीएवी सैनेटरी पब्लिक स्कूल बराड़ा की छात्रा पल्लवी शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन मेजर आरएन कपूर डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला छावनी में किया गया जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की करीब 18 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग (सीनियर कैटेगरी) के अंतर्गत डीएवी सैनेटरी पब्लिक स्कूल की कक्षा 11वीं की छात्रा पल्लवी शर्मा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। पल्लवी ने प्रभावशाली काव्य-पाठ, सटीक शब्द चयन और आत्मविश्वासपूर्ण अंदाज के माध्यम से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम की। प्राचार्य जयदेव शर्मा ने छात्रा की सफलता पर इसे उसकी मेहनत, प्रतिभा और निरंतर अभ्यास का परिणाम बताया।



संत समागम में बैसाखी दास को किया नमन

बराड़ा। गांव तंदवाली स्थित डेरा बेगमपुरा में ब्रह्मलीन श्री 108 संत बैसाखी दास उदासीन महाराज की 45वीं पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में विशाल संत समागम एवं भंडारे का आयोजन श्रद्धापूर्वक किया गया। गद्दीनशीन संत श्री 108 सोमदास उदासीन की अगुवाई में आयोजित समागम में विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में संगत पहुंची। संगत ने संत बैसाखी दास को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत अमृतवेले श्री अमृतवाणी के पाठ से हुई। पाठ के भोग के उपरांत निशान साहिब की चोला बदली की रस्म अदा की गई जिसमें गांव की सरपंच पिंकी देवी ने भाग लिया। इसके बाद संतों ने संगत को गुरु रविदास महाराज की वाणी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।



दीपावली विशेषांक-लाडवा

बाबा बालक नाथ जी मंदिर

हिमाचल प्रदेश के पर्यटक स्थल कसौली से 3 किलोमीटर पहले के गड़खल के ग्रानर पर्वत पर बाबा बालक नाथ जी के मंदिर से आज तक कोई भी खाली हाथ नहीं लौटा। इस मंदिर से हजारों स्त्रियों की गोद भरकर उन्हें सौभाग्यवती होने का महान कर्म कमाया गया। पशु पक्षियों पर दया भाव दिखाएं क्योंकि उनमें भी मनुष्यों की तरह ही प्राण वायु होती है और उन्हें भी दर्द होता है।

